राजमार्गों के विकास के लिए समिति का गठित किया जाना ।

3780. **श्री राम सिंह रठवा** क्या **जल भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राजमार्गों के विकास के लिए किसी समिति का गठन किया है;

(ख) यदि हां, तो समिति ने क्या सिफारिशें दी हैं; और

(ग) ये सिफारिशें किस सीमा तक कार्यान्वित की गई हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर): (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता ।

सड़कों के निर्माण के लिए धनराशि का स्वीकृत किया जाना और जारी किया जाना

3781. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष सड़कों के निर्माण के लिए राज्यवार कितनी राशि स्वीकृत की गई और कितनी राशि जारी की गई, और

(ख) किन कारणों से स्वीकृत धन-राशि की अपेक्षा कम राशि जारी की गई ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) संभवतः माननीय सदस्य का आशय 1991–92 के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए जारी किए गए आवंटन से है जिसका ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । **(नीचे देखिये)**

(ख) संभवतः माननीय सदस्य, राज्यों द्वारा मांगी गई राशि की तुलना में कम राशि जारी करने के कारणों के बारे में जानना चाहते हैं। योजना आयोग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग (मूल) कार्यों के लिए किए गए कम आवंटन के कारण विभिन्न राज्य सरकारों की मांगों को पूर्णतः पूरा करना संभव नहीं था ।

विवरण

क्र० सं०	राज्य/संघ राज्य	जारी की गई निधियां (लाख रु०)
1.	आन्ध्र प्रदेश	2455.00
2.	अरुणाचल प्रदेश	48.00
3.	असम	1225.00
4.	बिहार	1142.00
5.	चण्डीगढ़	28.00
6	दिल्ली	550.00
7.	गोवा	930 00
8.	गुजरात	4770.00
9.	हरियाणा	1060.00